ज0ज2(ई)
6/10/2026

पथ निर्माण विभाग

दिनांक–5/10/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल संख्या–01, औरंगाबाद के अन्तर्गत Construction and Strengthening of Chilmi Tola to to Langurahi for the year 2022-23 (Total Length-9.150 Km.) (Package No.–BR02RC-320) के समयवृद्धि का प्रस्ताव जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति :

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री संजय कुमार भारती, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3472(अनु०) दिनांक–05.10.2026 के द्वारा विषयांकित कार्य के समयवृद्धि स्वीकृति हेतु प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विहित प्रपत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम एवं पैकेज संख्या	:	Construction and Strengthening of Chilmi Tola to to Langurahi for the year 2022-23 (Total Length-9.150 Km.) (Package No.–BR02RC-320)
2.2	प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹1097.20 लाख। विभागीय पत्रांक–5059(एस०) दिनांक–30.09.2022
2.3	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹1160.75 लाख। मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1381(अनु०) दिनांक–10.06.2022
2.4	संशोधित तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	:	₹1090.785 लाख। मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–124(अनु०) दिनांक–13.01.2025
2.5	एकरारनामा संख्या	:	02/RCPLWEA/2024-25 dated 02.01.2025
2.6	एकरारनामा की राशि	:	₹8,24,78,646.00
2.7	संवेदक का नाम	:	M/s Surendra Prasad and Company, Nawada, Bihar
2.8	एकरारनामा के अनुसार कार्यारम्भ की तिथि	:	10.01.2025
2.9	एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि	:	09.10.2025
2.10	समयवृद्धि के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि	:	31.10.2026

3. समयवृद्धि का कारण :–

(i) अत्यंत कठिन पहाड़ी भू–भाग :– पथ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अत्यधिक दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र से होकर गुजरता है, जहाँ बहुत अधिक ढलान है। निर्माण सामग्री एवं भारी मशीनरी को कार्यस्थल तक पहुँचाना अत्यंत कठिन था।

(ii) पहाड़ की कटिंग एवं फॉर्मेशन का कार्य :– कार्य प्रारम्भ होने के समय कई स्थानों पर अनुकूल एलाइनमेंट उपलब्ध नहीं रहने के कारण पहाड़ की कटिंग एवं मार्ग विकसित करने में काफी समय लगा। मौजूदा पहुँच मार्ग की स्थिति खराब होने के कारण सामग्री के परिवहन तथा मशीनरी के संचालन में अत्यधिक कठिनाई हुई और यह कार्य कई स्थानों पर लगभग अत्यधिक कठिन हो गया।

(iii) LWE से प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी बाधाएँ :– सड़क का मार्ग LWE से प्रभावित क्षेत्र से होकर गुजरता है। अतः सुरक्षा संबंधी परिस्थितियों के कारण पूरे दिन कार्य करना संभव नहीं था एवं प्रभावी कार्य अवधि काफी सीमित रहती थी।

(iv) सुरक्षा संबंधी व्यवधान :– समय–समय पर सुरक्षा संबंधी कठिनाइयों एवं स्थानीय व्यवधान के कारण श्रमिकों, मशीनरी और पर्यवेक्षण कर्मियों की तैनाती प्रभावित हुई है। कार्य केवल सुरक्षित एवं Permitted कार्य अवधि के दौरान ही किया जा सकता था।

(v) सीमित पहुँच एवं परिवहन की समस्या :– वैकल्पिक पहुँच मार्ग उपलब्ध नहीं होने कारण, कठिन भू–भाग एवं प्रतिकूल मौसम में निर्माण सामग्री, मशीनरी और श्रमिकों के समय पर कार्यस्थल तक पहुँचाने में कठिनाई होती थी।

पहाड़ की कटिंग, कठिन भू–भाग, परिवहन संबंधी कठिनाइयों तथा सुरक्षा संबंधी बाधाओं के संयुक्त प्रभाव से प्रभावी कार्य दिवस एवं उत्पादकता में काफी कमी आई है, जिसके परिणामस्वरूप कार्य के निष्पादन में विलम्ब हुआ।

4. अधीक्षण अभियंता का मन्तव्य:– कार्यहित में दिनांक–31.10.2026 तक समयवृद्धि की अनुशंसा की जाती है।

5. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त् कार्यहित में विषयांकित कार्य का समयवृद्धि दिनांक–31.10.2026 तक स्वीकृत करने की अनुशंसा इस शर्त्त के साथ की जाती है कि विस्तारित अवधि में संवेदक को Price Escalation का लाभ एवं कोई अन्य वित्तीय दावा मान्य नहीं होगा।

6. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :–

6.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3472(अनु०) दिनांक–05.10.2026 द्वारा प्राप्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में पथ प्रमंडल संख्या–01, औरंगाबाद के अन्तर्गत **Construction and Strengthening of Chilmi Tola to to Langurahi for the year 2022-23 (Total Length-9.150 Km.) (Package No.–BR02RC-320)** (एकरारनामा संख्या–02/RCPLWEA/2024-25) हेतु दिनांक–31.10.2026 तक समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि विस्तारित अवधि में संवेदक को **Price Escalation** का लाभ एवं कोई अन्य वित्तीय दावा मान्य नहीं होगा।

6.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

(मजीद अहमद)	(संजय कुमार भारती)	(उमा कान्त रजक)	(पंकज कुमार पाल)
आन्तरिक	मुख्य अभियंता,	अभियंता प्रमुख–सह–अपर	सचिव,
वित्तीय सलाहकार	दक्षिण,	आयुक्त–सह–विशेष सचिव	पथ निर्माण विभाग,
पथ निर्माण विभाग,	पथ निर्माण विभाग,	(कार्य प्रबंधन),	बिहार, पटना।
बिहार, पटना।	बिहार, पटना।	पथ निर्माण विभाग,	
		बिहार, पटना।	

ज्ञापांक–प्र०–7 / विविध–04–39 / 2026 7072(E) पटना, दिनांक 6/10/2026

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अधीक्षण अभियंता, मगध पथ अंचल, गया जी / कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल संख्या–01, औरंगाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित / आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।